भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3112
दिनांक 08.08.2023/17 श्रावण, 1945 (शक) को उत्तर के लिए

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम

3112. श्री सुशील कुमार सिंह

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों के विकास में किस प्रकार सहायक है;
(ख) क्या सरकार ने उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों के विकास के लिए कोई विशेष बजट जारी किया है;और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निशिथ प्रामाणिक)

(क) से (ग): केन्द्र सरकार ने 15 फरवरी 2023 को अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के 19 सीमावर्ती जिलों में उत्तरी सीमा से लगे 46 प्रखण्ड़ों के चिन्हित गांवों के व्यापक विकास हेतु, एक केन्द्र प्रायोजित योजना वाईब्रेंट विलेजिज प्रोग्राम (वीवीपी) को स्वीकृत किया है।

इस कार्यक्रम में, हस्तक्षेप के लिए चिन्हित फोकस क्षेत्रों में केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं (सी. एस.) के साथ-साथ केन्द्र प्रायोजित योजनाओं (सी. एस. एस) से, इन गांवों में पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन, कौशल विकास और उद्यमिता तथा कृषि/बागवानी, औषधीय पौधों/जड़ी-बूटियों आदि की खेती पर आधारित सहकारी समितियों के विकास द्वारा जीविकोपार्जन के अवसरों का सृजन करना शामिल है। इन हस्तक्षेपों में सड़क संपर्क से वंचित गांवों में सड़क संपर्क सुविधा, आवास एवं ग्रामीण बुनियादी अवसंरचना का निर्माण, परम्परागत/नवीकरणी उर्जा की उपलब्धता एवं टेलीविजन और दूरसंचार कनेक्टिविटी प्रदान करना भी शामिल है।

लोक सभा प्र.सं. 3112 दिनांक 08.08.2023

कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से हस्तक्षेप के लिए चिन्हित फोकस क्षेत्रों के लिए मौजूदा योजनाओं के कवरेज के लिए आवश्यक अनुदान राशि के अन्तराल का वित् पोषण एवं केन्द्रीय क्षेत्र, केन्द्र प्रायोजित और राज्य सरकार की योजनाओं की 100 प्रतिशत संतृप्ति करना है ताकि लोगों को सीमावर्ती गांवों में रहने के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन मिले।

वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक वीवीपी के लिए अनुमोदित वित्तीय आवंटन इस प्रकार है:

रु. करोड़ में

वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2023-2024	वित्तीय वर्ष 2024-25	वित्तीय वर्ष 2025-26	कुल
50.00	1200.00	1750.00	1800.00	4800.00

*****